# एक्सप्रेस वे के किनारे एक हजार एकड़ में बनेगा इंडस्ट्रियल कॉरिडोर

संवाद न्यूज एजेंसी

**वाराणसी।** गाजीपुर के मुहम्मदाबाद में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के किनारे इंडस्ट्रियल कॉरिडोर निर्माण ने रफ्तार पकड़ ली है। मुहम्मदाबाद तहसील के 13 गांवों के करीब एक हजार एकड़ जमीन में 369 एकड़ जमीन की रजिस्ट्री करा ली गई है। शेष 631 एकड़ जमीन के अधिग्रहण का काम चल रहा है। गाजीपुर उद्योग विभाग के उपायुक्त प्रवीण मौर्य ने बताया कि जमीन अधिग्रहण का काम पूरा होते ही इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के निर्माण कार्य में तेजी आएगी। इसके बाद यहां औद्योगिक इकाइयों को जगह दी जाएगी।

उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण (यूपीडा) इस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को विकसित करने में मुख्य भूमिका निभा रहा है। वाराणसी से कुछ किमी की दूरी पर गाजीपुर में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनने से पूर्वांचल के कारीगरों को काम की तलाश में दिल्ली, मुंबई, आगरा, सूरत, अहमदाबाद, बंगलूरु जैसे शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। इस औद्योगिक क्षेत्र से वाराणसी, गाजीपुर, चंदौली, बलिया, मऊ, जौनपुर, आजमगढ़ और गोरखपुर और आसपास के अन्य इलाकों को भी सीधे तौर पर फायदा मिलेगा।

> *गाजीपुर में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनने से पूर्वांचल में उद्योग समेत रोजगार के हजारों द्वार खुलेंगे। यूपीडा के ओर से इसका निर्माण कराया जा रहा है। किसानों को मुआवजा भी दिया जा रहा है। -*
> ***उमेश कुमार सिंह, अपर आयुक्त, उद्योग***